आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 दिसम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा में आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर चर्चा शुरू हुई। राष्ट्रीय गीत, बंकिमचंद्र चटर्जी ने वर्ष अठारह सौ पचहत्तर में लिखा था। चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी तथा स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया।

यहीं वंदे मातरम् है जिसने 1947 में देश को आजादी दिलाई। स्वतंत्रता संग्राम का भावात्मक नेतृत्व इस वंदे मातरम् के जयघोष में था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी आखिरी सांस तक वंदे मातरम का जयघोष किया।

हमारे जांबाज सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्ते पर चढ़ते थे और आखिरी सांस तक वंदे मातरम, वंदे मातरम, वंदे मातरम् यही उनका भावघोष रहता था। खुदीराम बोस, मदनलाल ढींगरा, रामप्रताप बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खान, रोशन सिंह, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद विश्वास अनगिनत जिन्होंने वंदे मातरम् कहते–कहते फांसी के फंदे को अपने गले पर लगाया था।

श्री मोदी ने कहा कि जब वंदे मातरम अपनी सौवीं वर्षगांठ मना रहा था, तब देश आपातकाल से प्रभावित था।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम चिट्ठी लिख कर अवैध घुसपैठियों के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने 'योगी की पाती' नाम से इस चिट्ठी को साझा किया है। श्री योगी ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि घरेलू अथवा व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियोजित करने से पूर्व उसकी पहचान अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में रह रहे अवैध घुसपैठियों के विरुद्ध सख्त और निर्णायक कार्रवाई प्रारम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि सुरक्षा ही समृद्धि का आधार है।

****

प्रदेश ने प्राकृतिक स्रोतों से मिलने वाली ऊर्जा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करते हुए सौर ऊर्जा के तीन लाख से अधिक उपकरणों की स्थापना के लक्ष्य को पार कर लिया है। एक रिपोर्ट–

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 9 लाख 83 हजार 915 आवेदनों में से 3 लाख 654 सौर ऊर्जा उपकरण लगाए जा चुके हैं। राज्य में सौर ऊर्जा की कुल स्थापना क्षमता 1038.27 मेगावॉट तक पहुंच चुकी है जिससे लाखों परिवारों को स्वच्छ और किफायती ऊर्जा प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार अब तक 2074.53 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी कर चुकी है जिसने उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ को काफी हद तक कम कर दिया है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रदेश में सौर ऊर्जा का तीन लाख से अधिक इंस्टॉलेशन का लक्ष्य पूर्ण होना ऊर्जा स्वावलंबन, पर्यावरणीय संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग–वृद्धि तथा आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत तमिलनाडु से आए दल विविधि गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। एक रिपोर्ट–

काशी तमिल संगमम में तमिलनाडु से आए पत्रकारों और साहित्यकारों के दल का तीसरा जत्था आज प्रयागराज पहुंचा। इस अवसर पर प्रयागराज के विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने पुष्प वर्षा कर दल का स्वागत किया। दल ने गंगा स्नान कर वहां के प्रमुख मंदिरों में दर्शन पूजन किया। संगमम के तहत ही वाराणसी में तमिलनाडु से आए एक कृषि दल ने नमो घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दल ने क्रूज के जरिए गंगा आरती और काशी के घाटों को भी देखा। इससे पहले, दल के सदस्यों ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन भी किया। प्रयागराज से प्रवीण मिश्र और वाराणसी से मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया है कि काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत वाराणसी के स्कूलों में तमिल शिक्षक भाषा का ज्ञान देने के साथ–साथ तमिल भाषा की लिखावट और इसके प्रति लगाव की भी जानकारी दे रहे हैं।

****

सरकार ने एक वायरल ईमेल का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि सरकार ने नागरिकों से ई–पैन कार्ड डाउनलोड करने को कहा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि यह ईमेल फर्जी है। जांच इकाई ने नागरिकों को ऐसे ईमेल, लिंक, कॉल और एसएमएस का जवाब न देने की सलाह दी है, जिनमें उनसे वित्तीय जानकारी साझा करने को कहा जाता है।

****

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय–बीएचयू के प्रबंधन अध्ययन संस्थान के प्रबंध भवन में आज स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन दो हजार पचीस हार्डवेयर संस्करण के स्थानीय केन्द्र का उद्घाटन हुआ। इससे परिसर में नवाचार, रचनात्मकता और समस्या समाधान के एक गतिशील सप्ताह की शुरुआत हो गई।

****